संख्या-06/2021/135/26-3-2020-4(3)/2012-टी0सी0

प्रेषक,

बी0एल0 मीणा
प्रमुख सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक
समाज कल्याण,
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊ, दिनांकः 14 जनवरी 2021

विषयः- **चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में केन्द्रपुरोनिधानित अनुसूचित जाति पूर्वदशम् कक्षा-9 व 10 की छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-2953/स.क./शिक्षा-अ/6/1306/2020-21, दिनांक-12.01.2021 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अनुदान संख्या-83 में प्राविधानित धनराशि रू0 20500.00 लाख में से राज्य सरकार स्तर पर उपलब्ध केन्द्रांश की धनराशि रू0-2580.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत करने का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-162/2020/2936/26-3-2020-4(3) /2012-टी0सी0 दिनांक 18-12-2020 द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जाति पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत अवमुक्त केन्द्रांश की धनराशि रू0-7742.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान संख्या-83 में केन्द्र पुरोनिधानित अनुसूचित जाति पूर्वदशम् (कक्षा-9 व 10) योजनान्तर्गत प्राविधानित धनराशि रू0-20500.00 लाख में से राज्य सरकार पर उपलब्ध केन्द्रांश की **धनराशि रू0-2580.00 लाख (रू0 पच्चीस करोड़ अस्सी लाख मात्र)** व्यय किये जाने हेतु आपके निवर्तन पर रखे जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1)- उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रायोजन हेतु नही किया जायेगा। किसी प्रकार की विचलन की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(2)- स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय करने से पूर्व सुनिश्चित कर लिया जायेगा कि पूर्व वर्षो में स्वीकृत की गयी कोई धनराशि पी0एल0ए0/बैंक/डाकखाना/ डिपाजिट आदि खातों में अवशेष जमा नही है।

(3)- उक्त धनराशि इस शर्त के साथ निर्गत की जा रही है कि इस सम्बन्ध में समय-समय पर निर्गत शासनादेशों/वित्तीय नियमों का कड़ाई से पालन किया जायेगा।

(4)- उक्त धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद तथा शासन को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

(5)- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक-24 मार्च 2020, 11 अप्रैल, 2020, 18 मई, 2020, 29 सितम्बर, 2020 एवं 03 दिसम्बर, 2020 में दिये गये दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(6)- अवमुक्त धनराशि का आहरण एवं व्यय आवश्यकता एवं नियमानुसार किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि को पी0एल0ए0/बैंक खाते आदि में नही रखा जायेगा।

(7)- स्वीकृत धनराशि का उपयोग उसी मद में किया जायेगा, जिस मद हेतु धनराशि की व्यवस्था की गयी है।

(8)- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी-1-149/ दस-2020-231/2020, दिनांक 24 मार्च 2020 में निहित व्यवस्था के अधीन जारी किए जा रहे हैं।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- उपर्युक्त योजना मद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-83-लेखाशीर्षक-2225-अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों का कल्याण-01-अनुसूचित जातियों का कल्याण-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-01-केन्द्र प्रायोजित योजनायें-0120-अनुसूचित जाति के कक्षा-9 व 10 में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति (के0100/रा0-के0)-21-छात्रवृत्तियां और छात्रवेतन-के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

बी0एल0 मीणा
प्रमुख सचिव।

संख्या-06/2021/135(1)/26-3-2021 तद्दिनांक

प्रतिलिपि संलग्नक सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1-महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।
2-प्रधान महालेखाकार (सिविल आॅडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0,इलाहाबाद।
3-मुख्य कोषाधिकारी,जवाहर भवन,लखनऊ।
4-वित्त(व्यय-नियंत्रण)अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
5-वित्त नियंत्रक, निदेशालय, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
6-राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0।
7-निदेशक, एन0आई0सी0 योजना भवन, लखनऊ।
8-गार्डफाइल ।

आज्ञा से,

अशोक कुमार
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।